# संगम

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ की हिंदी त्रैमासिक पत्रिका






जुलाई–सितंबर 2019

मुद्रण संस्करण 01 अंक 02


## द टाइम्स हायर एज्युकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2020 में भा.प्रौ.सं.रोपड़ भारत में अग्रणी स्थान पर



भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने 11 सितंबर 2019 को जारी द टाइम्स हायर एज्युकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आकर्षक पदार्पण किया। 56 भारतीय संस्थानों के बीच अग्रणी रैंक प्राप्त कर भा.प्रौ.सं.रोपड़ इस वर्ष विश्व की सर्वोत्कृष्ट विश्वविद्यालयों की सूची में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है। इस वर्ष की तालिका में नवागंतुकों में भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

प्रो. सरित कुमार दास ने इस अवसर पर कहा कि "संस्थान ने सामाजिक व राष्ट्रीय प्रासंगिकता को अनुसंधान के मुख्य क्षेत्रों के रुप में स्थापित किया है। यह हमारे संस्थान के लिए गर्व का क्षण है जो हमारे संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कर्मचारिगणों को कठोर परिश्रम का प्रतिफल है। हमने विगत कुछ वर्षों में संसाधनों का विस्तार और सृजन किया है। साथ ही हमने पूरे देश और विश्व से प्रतिभाओं को आमंत्रित किया तथा और अनुसंधान पहलों को बढ़ावा दिया है। "




## बाढ़ का सामना... साहस की जीत

विगत तीन दशकों के बाद में रोपड़ में आई भयंकर बाढ़ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ के लिए उसके साहस की परीक्षा लेकर आई थी। अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में पहाड़ों पर हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे रुपनगर जिले को प्रभावित किया। चुंकि भा. प्रौ.सं.रोपड़ सतलुज दरिया के नजदीक स्थित है, इसे बाढ़ का अधिक सामना करना पड़ा। हांलाकि सतलुज के पानी ने संस्थान के परिसर को प्रभावित नहीं किया किंतु छोटी नदी भुदकी और संगरोन सहायक नदी जो भा.प्रौ.सं.रोपड़ के दक्षिण पश्चिम दिशा से बहती है, इसने परिसर को जलमग्न कर दिया। इस बाढ़ के पानी ने सभी विद्युत उपकेन्द्रों में प्रवेश किया जिसके कारण सतर्कता को ध्यान में रखते हुए परिसर के सभी भवनों में विद्युत प्रवाह बंद कर दिया गया।



मध्यरात्रि में प्रो. सरित कुमार दास, निदेशक, भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने उपायुक्त, रोपड़ से चर्चा कर संस्थान के पूर्वी दिशा के कंपाउंड वॉल को तोड़ने का प्रबंध किया ताकि परिसर में आई बाढ़ का पानी की निकासी सुनिश्चित हो। संस्थान ने 20 से 25 अगस्त 2019 तक कक्षाएं स्थगित कर दी थी। विद्यार्थियों को संस्थान से निकालकर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया गया। संस्थान के मुख्य परिसर के क्वार्टर में रहनेवाले सभी संकाय सदस्यों एवं कर्मचारिगणों को भी निकालकर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया गया। 19 अगस्त के रात्रि तक अर्थात 24 घंटे के भीतर ही स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। 20 अगस्त 2019 से परिसर में बिजली और जल आपूर्ति को पुनः मुहय्या कराया गया। इस पूरी स्थिति में कोई भी सदस्य किसी भी रुप से जखमी नहीं हुआ। हांलाकि भूतल पर रखे कुछ उपकरणों को बाढ़ ने क्षति पहुचायी।

सभी अनुभागों / विभागों के सदस्यों ने चाहे वे जिला प्रशासन हो, गैर सरकारी संगठन हो, स्थानीय सहायक हो, सभी ने सरकारी एजेंसियों के साथ हाथ बटाकर बचाव और राहत कार्य में योगदान दिया। भा.प्रौ.सं.रोपड़ इस मुश्किल समय में किसी भी रुप में सहायता देने वाले सभी शुभचिंतकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है। कप्तान अमरिंदर सिंह, मुख्यमंत्री, पंजाब ने भी बाढ़ की मार झेल रहे भा.प्रौ.सं.रोपड़ का दौरा किया और हमारे संस्थान के विद्यार्थियों को किसान भवन चण्डीगढ़ में ठहराने का प्रबंध किया। भा.प्रौ.सं.रोपड़ कप्तान अमरिंदर सिंह, मुख्यमंत्री, पंजाब राज्य के प्रति अपनी कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त करता है। आपदा की प्राथमिक रिपोर्ट मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सौप दी गयी है।

## भा.प्रौ.सं.रोपड़ में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़ा 2019 का आयोजन


आई.आई.टी. रोपड़ में हिंदी पखवाड़े की शुरुआत


आइआइटी में हिंदी पखवाड़े का आगाज

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ में दिनांक 06.09.2019 से 20.09.2019 तक आयोजित किए गए हिंदी पखवाड़ा का दिनांक 06.09.2019 को उद्घाटन सत्र के साथ शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. हरप्रीत सिंह, कार्यवाहक निदेशक, भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने की तथा संस्थान के कुलसचिव श्री बी. नागराजन विशेष रुप से आमंत्रित थे। इस अवसर पर संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. हरप्रीत सिंह ने कहा कि हमारा संस्थान समय–समय पर हिंदी पखवाड़ा के साथ साथ हिंदी की उन्नति और जागरुकता लाने के उद्देश्य से कई विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। प्रो. हरप्रीत सिंह ने वर्तमान समय में हिंदी की दशा और दिशा पर सभी का ध्यान आकृष्ट करते हुए सभी से अपील की कि हमारी राजभाषा हिंदी की उन्नति और विकास करना हमारा न केवल कार्यालयीन दायित्व है अपितु नैतिक दायित्व भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि हिंदी पखवाड़ा के दौरान हिंदी में सर्वाधिक कार्य की प्रतियोगिता में हम सभी ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन पंद्रह दिनों में हम अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करें। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. हरप्रीत सिंह ने आगामी पंद्रह दिनों में हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित किए जानेवाले विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं के लिए हिंदी प्रकोष्ठ को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम का संचालन सुश्री निर्मल कौर ने किया।

दिनांक 23.09.2019 को इस पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह में संस्थान के निदेशक प्रो. सरित कुमार दास तथा श्री बी. नागराजन, कुलसचिव, भा.प्रौ.सं.रोपड़ विशेष रुप से उपस्थित थे। हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कुल 18 विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें 5 प्रतियोगिताएं कर्मचारियों / संकाय सदस्यों लिए, 06 प्रतियोगिताएं संस्थान के विद्यार्थियों के लिए, 2 प्रतियोगिता हिन्दीतर भाषि कर्मचारियों के लिए, 1 प्रतियोगिता कर्मचारियों के बच्चों के लिए और 01 प्रतियोगिता कर्मचारियों के परिवारजनों के लिए, 1 प्रतियोगिता संस्थान के सफाई कर्मचारी / सुरक्षा कर्मचारी / परिचारकों तथा 01 प्रतियोगिता हिंदी में सर्वाधिक कार्य की प्रतियोगिता तथा 01 प्रतियोगिता हिंदी पखवाड़ा के दौरान हिंदी में सर्वाधिक कार्य की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इन सभी प्रतियोगिताओं को सभी स्तरों से उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई। इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि, स्मृतिचिन्ह और प्रमाणपत्र प्रो. सरित कु. दास और श्री नागराजन जी द्वारा दिए गए। इन सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों के लिए आयोजित प्रतियोगिता तथा सफाई कर्मचारी / सुरक्षा कर्मचारियों के लिए आयोजित प्रतियोगिता एक प्रमुख आकर्षण रहा। प्रो. सरित कु. दास, निदेशक महोदय ने कहा कि भा.प्रौ.सं.रोपड़ में साल दर साल न केवल हिंदी प्रतियोगिताओं के आयोजन में वृद्धि हुई है अपितु प्रतिभागियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। पुरस्कारों की घोषणा डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता तथा डॉ. समदर्शी ने की। अंत में सुश्री प्रीतेन्दर कौर, जनसंपर्क अधिकारी ने उपस्थितों का धन्यवाद किया साथ ही हिंदी प्रकोष्ठ तथा हिंदी पखवाड़ा की आयोजन समिति के सभी सदस्यों का जिनके सहयोग से यह पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम सुचारु रुप से आयोजित हुआ उन्हें भी धन्यवाद दिया।

### समाचार पत्रों में हिंदी पखवाड़ा 2019 की कवरेज


12 को पीएसयू करेंगे रैली

हिंदी की उन्नति और विकास करना हमारा नैतिक दायित्व : प्रो. हरप्रीत

आईआईटी रोपड़ में हिंदी पखवाड़ा 2019 का उद्घाटन किया


हिंदी पखवाड़ा मनाया

## हिंदी पखवाड़ा 2019 के उद्घाटन समारोह के कुछ क्षण



डॉ. हरप्रीत सिंह, कार्यवाहक निदेशक का स्वागत करते हुए डॉ. ए.के.गुप्ता



श्री बी. नागराजन, कुलसचिव, भा.प्रौ.सं. रोपड़ का स्वागत करते हुए श्री पुनीत गोयल, उपकुलसचिव




हिंदी पखवाड़ा पर अपने विचार साझा करते हुए डॉ. हरप्रीत सिंह



उपस्थित संकाय सदस्य तथा कर्मचारिगण




डॉ. अरुण कुमार, सह प्राध्यापक समारोह का संचालन करते हुए





सुश्री निर्मल कौर, सहायक, क्रय अनुभाग धन्यवाद ज्ञापित करते हुए

## हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता के कुछ क्षण









## हिंदी पखवाड़ा 2019 के समापन समारोह के कुछ क्षण



डॉ. सम दर्शी, सहायक प्राध्यापक, विद्युत अभि. स्वागत भाषण देते हुए




संस्थान के निदेशक प्रो. सरित कुमार दास अध्यक्षीय भाषण देते हुए



उपस्थित संकाय सदस्य, कर्मचारिगण तथा विद्यार्थी
























## नराकास, रूपनगर के सदस्य कार्यालयों के लिए हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूपनगर, रोपड़ ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति रुपनगर के हिंदी सप्ताह के अंतर्गत भा.प्रौ. सं.रोपड़ में नराकास के सभी सदस्य कार्यालयों के लिए दिनांक 17.09.2019 को  हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया । जिसमें नराकास के सभी सदस्य कार्यालयों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में यूको बैंक की सुश्री कविता नेगी ने प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किया। ओरिएण्टल बैंक आफ कॉमर्स के श्री सुमित दलाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ की सुश्री हरप्रीत कौर को तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेताओं को दिनांक 18.09.2019 को यूको बैंक रोपड़ में आयोजित की गयी आशु भाषण प्रतियोगिता में पुरस्कार प्रदान किए गए।



## हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता में भा.प्रौ.सं. रोपड़ की सहभागिता

हिंदी सप्ताह के तहत दिनांक 18.09.2019 को यूको बैंक रोपड़ द्वारा आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नराकास, रुपनगर के अंतर्गत आनेवाली विभिन्न संस्थाओं के कर्मचारी एवं प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के श्री विजय नारायण, कनिष्ठ अधीक्षक तथा सुश्री हरप्रीत कौर , पुस्तकालय सूचना अधिकारी ने सहभागिता ली।



## हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण पत्राचार प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के दो कर्मचारी उत्तीर्ण

केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित 57 वां हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण पत्राचार प्रशिक्षण के अंतर्गत हुई परीक्षा (सत्र फरवरी–जुलाई, 2019) को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दो कर्मचारियों ने उत्तीर्ण किया। श्री विजय नारायण, कनिष्ठ अधीक्षक, अनुसंधान अनुभाग ने यह प्रशिक्षण 97 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण किया।



**श्री विजय नारायण,**
**अनुसंधान अनुभाग**

डॉ. गिरीश प्रमोदराव कठाणे, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक ने इस प्रशिक्षण को 99 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण किया। वर्तमान तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के कुल 6 कर्मचारियों ने इस परीक्षा की गुणवत्ता यादी में अपना स्थान दर्ज कराया है।

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ का हिंदी प्रकोष्ठ स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है। 15 अगस्त 2019 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी प्रकोष्ठ ने संस्थान के संकाय सदस्यों, कर्मचारिगणों तथा विद्यार्थियों के लिए दिनांक 14 अगस्त 2019 को देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता को संस्थान के सभी स्तरों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सभी प्रतिभागियों ने अपनी देशभक्ति की भावना से ओत–प्रोत कविता और गीतों से देशभक्ति को वातवरण के रंग में रंग दिया। इस प्रतियोगिता में कर्मचारियों में श्री विपिन कुमार को प्रथम पुरस्कार, सुश्री श्वेता रानी को द्वितीय पुरस्कार, श्री विजय नारायण को तृतीय पुरस्कार, सुश्री हरप्रीत कौर को प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार तथा श्री विजय सिंह को द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यार्थियों में श्री शशांक शेखर कपूर को प्रथम पुरस्कार, सुश्री संयुक्ता मराण्डी को द्वितीय पुरस्कार, श्री आदित्य सुर्यवंशी को तृतीय पुरस्कार, श्री शिवम पाण्डेय को प्रथम प्रोत्साहन तथा श्री अनुजीत सिंह को द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु परीक्षक के रुप में मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. भावेश गर्ग और संस्थान के हिंदी अधिकारी/उपकुलसचिव श्री लगवीश कुमार थे।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जुलाई–सिंतबर तिमाही की बैठक संस्थान के निदेशक एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रो. सरित कुमार दास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।
बैठक में संस्थान के राजभाषायी कार्यों की समीक्षा की गई। निदेशक प्रो. सरित कुमार दास ने आगामी हिंदी पखवाड़ा 2019 के कार्यक्रम की रूपरेखा का जायजा लिया और राजभाषा को बढ़ावा देने हेतु हरसंभव प्रयास करने का निदेश हिंदी प्रकोष्ठ को दिया।

# हिन्दी पत्रिका

## भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने 73 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया



भा.प्रौ.सं. रोपड़ ने 15 अगस्त 2019 को अनोखे तरीके से स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया। संस्थान निदेशक प्रो. सरित कुमार दास ने इस स्वतंत्रता दिवस पर शहर का सबसे ऊंचा झंडा फहराया। यह ऐसा झंडा है जो हर समय फहरता रहेगा जिसे हायवे से भी दूर तक देखा जा सकता है। निदेशक महोदय ने इस अवसर को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता का पर्व हमारे लिए अभिमान और गर्व का पर्व है और यह उन शहिदों और देशभक्तों के बलिदान का प्रतिफल है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर मुक्त और स्वतंत्र भारत की नींव रखी।





इसके बाद विद्यार्थियों और छोटे बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम सादर किए जिसमें भा.प्रौ.सं.रोपड़ के अलंकार क्लब द्वारा सादर किया कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र रहा।

## भा.प्रौ.सं.रोपड़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन




भा.प्रौ.सं.रोपड़ में दिनांक 21 जून 2019 को एस. राधाकृष्णन ब्लॉक में हर एक मनुष्य के लिए शांति, सद्भाव, सुख और सफलता प्राप्ति के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय योग कार्यशाला के दौरान संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट योग शिक्षक डॉ. राजीव कुमार उप्पल, महासचिव – चण्डीगढ़ योग एसोसिएशन जो पॉवर योगा और क्रिया योगा सहित योग के कई शैलियों का अभ्यास कर रहे है इनकी योग कक्षाओं सहभागिता लेने का अवसर प्राप्त किया।




## भा.प्रौ.सं.रोपड़ में पर्यावरण दिवस का आयोजन।



भा.प्रौ.सं. रोपड़ और इकोसिख समूह के संयुक्त तत्वावधान में 5 जून 2019 को संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। श्री गुरु नानक देव जी के 550 वे गुरुपरब का अवसर पाकर 550 वृक्षों का पौधारोपण किया गया। संस्थान के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया और विशेषज्ञों द्वारा जपानी मियावाकी तकनीक को सीखा जो 160 वर्ग मीटर में 550 पेड लगाने का एक बेहतर अनुभव रहा।



वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को लेकर चल रहे बड़े छोटे सभी अभियानों में संस्थान में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है।

## पुरस्कार एवं मान्यता

रासायनिक अभियेंत्रिकी विभाग, भा.प्रौ.सं.रोपड़ के सहायक प्राध्यापक डॉ. चांडी सासमल इन्हें विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड द्वारा एर्ली कैरियर रिसर्च अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। यह परियोजना प्रोस्थेटीक मैकेनिकल हार्ट वाल्व के अभिकल्पन और अध्ययन पर आधारित थी। इस परियोजना का लक्ष्य नवीनतम प्रौद्योगिकी किंतु प्रभावी लागत के माध्यम से कृत्रिम ह्रदय वाल्व को विकसित करना था।



डॉ. चांडी सासमल



डॉ. राजेश कुमार

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ के जैवचिकित्सा अभियांत्रिकी केन्द्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार को 05 वर्षों की अवधि हेतु जैवप्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा रामालिंगास्वामी रि–एंट्री फैलोशिप से पुरस्कृत किया गया। वैज्ञानिक–ग/सहायक प्राध्यापक स्तर पर डीबीटी द्वारा पुरस्कृत किए जानेवाली यह एक प्रतिष्ठीत फैलोशिप है। जैवचिकित्सा फोटोनिक्स में डॉ. कुमार का अनुसंधान है जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अग्रणी क्षेत्रों में से एक है।

## गर्व का क्षण – भा.प्रौ.सं.रोपड़ के विद्यार्थी प्रतिष्ठित

प्रधानमंत्री अनुसंधान अध्येतावृत्ति से पुरस्कृत भा.प्रौ.सं.रोपड़ की तीन छात्राएं सुश्री शुभांगी नेमा और सुश्री एकता गुप्ता (प्रौद्योगिकी निष्णात, सीबीएमइ में अध्ययनरत) तथा सुश्री श्रीया गुंबर (विज्ञान निष्णात, रसायन विभाग में अध्ययनरत) एक कठिन प्रक्रिया के पश्चात प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री अनुसंधान अध्येतावृत्ति हेतु चयनित किए गए है।







## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ में भौतिकी दिवस का आयोजन





भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने 10 अगस्त 2019 को चतुर्थ भौतिक दिवस मनाया। यह आयोजन संस्थान के शोधार्थी द्वारा पोस्टर प्रस्तुति सत्र के समावेश के साथ आयोजित किया गया था। प्रो. अरुल लक्ष्मीनारायण, भा.प्रौ.सं.मद्रास और प्रो. राजामनी विजयाराघवन, टीआईएफआर मुंबई इस अवसर पर अतिथि वक्ता के रुप में पधारे थे। संस्थान के विद्यार्थी, शोधार्थी, संकाय सदस्यों तथा कर्मचारिगणों की उपस्थिति में यह भौतिकी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. असोका बिस्वास ने उद्घाटन तथा समापन टिप्पणी दी।



हिन्दी पत्रिका

## पंजाब में जल स्रोत प्रबंधन पर भा.प्रौ.सं.रोपड़ और पंजाब सरकार की साझा पहल



भा.प्रौ.सं. रोपड़ ने पंजाब में जल स्रोत प्रबंधन पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण विभाग, पंजाब सरकार के साथ आगे बढ़कर सहयोग स्थापित किया। हाल ही शुरु हुए मिशन टैनड्रस्ट पंजाब 2.0 के सर्वांगीण लक्ष्यों और उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पर्यावरण, पर्यावरण परिवर्तन और जन स्वास्थ्य से संबंधित राज्य महत्व के मुद्दों को संयुक्त रुप से देखने के लिए प्रो. सरित कुमार दास, निदेशक, भा.प्रौ.सं.रोपड़ और श्री राजेश कुमार वर्मा, आईएएस, प्रधान सचिव, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण विभाग, पंजाब सरकार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इन दोनों ने पंजाब को स्वस्थ्य राज्य बनाने हेतु सहयोगात्मक कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देने हेतु साथ में कार्य करने की इच्छा व्यक्त की।

## नवनियुक्त संकाय सदस्य एवं कर्मचारिगण



**डॉ. दिनेश देवा**
क्लीन रुम परामर्शदाता
केन्द्री.अनु. सुवि



**श्री संगोजु संदीप**
कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक
धातु.एवं पदा. अभि.



**श्री विनित जामवाल**
पुस्तकालय सूचना सहायक
पुस्तकालय



**श्री कुलजीत सिंह सोढी**
बागवानी परामर्शदाता
नि.प्र. स.



**डॉ. प्रतीक कुमार रे**
सहायक प्राध्यापक
धातु.एवं पदा. अभि. विभाग



**डॉ. राजेश कुमार गुप्ता**
सहायक प्राध्यापक
भौतिकी



**डॉ. एस. रामानाथन**
सह प्राध्यापक
कंप्यू. वि. एवं अभि.

संरक्षक संपादक
**प्रो. सरित कुमार दास,**
निदेशक, भा.प्रौ.सं.रोपड़

परामर्शदाता संपादक
**डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता,**
संकाय प्रभारी (हिंदी)
**श्री लगवीश कुमार,**
हिंदी अधिकारी तथा उपकुलसचिव, भा.प्रौ.सं.रोपड़

संपादक
**डॉ. गिरीश प्रमोदराव कठाणे,**
कनि. हिंदी अनुवादक, भा.प्रौ.सं.रोपड़

अभिकल्प, प्रकाशन एवं मुद्रण
**सुश्री प्रीतेंदर कौर,**
जनसंपर्क अधिकारी, भा.प्रौ.सं.रोपड़